हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 8 सितंबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 मोतिया नाले पर अतिक्रमण कर काटी जा रही अवैध...



07 16 पाव शराब, 15 लीटर हाथ भट्टी मदिरा और 200...



खबर संक्षेप

टीईटी की बाध्यता खत्म करने आज सौंपेगे ज्ञापन

विदिशा। मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ शासकीय कर्मचारियों, अधिकारियों और शिक्षकों की लंबित समस्याओं को लेकर आज मंगलवार को 23 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपेगा। शाम 5 बजे सभी तहसीलों में सीएम एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। संघ की प्रमुख मांग 31 मार्च 2015 तक नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता से मुक्त करने की है। संघ का कहना है कि लंबे समय से सेवा दे रहे शिक्षकों के विभागीय अनुभव को देखते हुए शासन को इस बाध्यता में आवश्यक सुधार करना चाहिए। जिला प्रवक्ता अतुल श्रीवास्तव ने कर्मचारी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

28वें नेत्र जांच शिविर में 50 लोगों की हुई जांच



विदिशा। भारत भारती जैन मंडल द्वारा एएसजी आई हॉस्पिटल, नेत्र निकेतन पीतल मिल चौराहा के सहयोग से 28वें नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 50 लोगों की आंखों की जांच की गई। नेत्र निकेतन द्वारा अगस्त माह में भी करीब 70 लोगों की जांच की गई थी। शिविर में डॉक्टर रुपाली जैन एवं डॉक्टर प्रिंस माथुर ने मरीजों की आंखों की जांच की। इस अवसर पर नीता सराफ, विद्युत जैन, सपना जैन, संध्या जैन, आरती सिंघई, किरण सिंघई सहित मंडल के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

नुक्कड़ नाटक में उठेगा झूठी उम्मीदों का मुद्दा

विदिशा। युवाओं के बीच सोशल मीडिया के जरिए बेची जा रही झूठी उम्मीदों और चमकते वादों को केंद्र में रखते हुए एसएटीआई कॉलेज के उड़ान ग्रुप और समाधान यूथ ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में 8 सितंबर शाम 4:30 बजे दुर्गानगर चौराहे पर नुक्कड़ नाटक होगा। नाटक का उद्देश्य किसी व्यक्ति या घटना को निशाना बनाना नहीं, बल्कि युवाओं को सोशल मीडिया पर दिखाई जाने वाली आभासी दुनिया और वास्तविक जीवन के बीच अंतर समझाने के लिए प्रेरित करना है।

आंगनबाड़ी नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी के निर्देश

विदिशा। वर्ष 2026 फेज-1 के तहत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका की नियुक्ति प्रक्रिया समय-सीमा में पूरी करने के निर्देश महिला एवं बाल विकास विभाग की उप संचालक विनीता लोढ़ा ने जिले की सभी परियोजनाओं के अधिकारियों को दिए हैं। 3 दिन में समिति की बैठक आयोजित कर आवेदनों एवं पात्रता दस्तावेजों का परीक्षण किया जाएगा। सूची तैयार कर पोर्टल पर जारी करनी होगी। सूची जारी होने के बाद प्राप्त दावे-आपत्तियों का भी निर्धारित प्रक्रिया के तहत निराकरण किया जाएगा। अधिकारियों को नियुक्ति प्रक्रिया पारदर्शी और इसे प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं।

कार आर बाइक की भिड़ंत में एक की मौत

शमशाबाद। सांगुल के पास कार की टक्कर से एक बाइक सवार की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। दोनों मकान में सेंटिंग का काम कर घर वापस लौट रहे थे तभी यह हादसा हुआ। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार शाम संजीव पिता सोटा अहिरवार उम्र 23 साल और विजय पिता भरोसी लाल अहिरवार रामपुरा जागीर में मकान में सेंटिग का कार्य कर अपने घर वापस लौट रहे थे। तभी सांगुल के पास सामने से आ रही एक कार ने उन्हे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भंयकर की थी विजय अहिरवार की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि संजीव को गंभीर चोटें आईं हैं।

सागर में अवैध शराब से मौतों के बाद खुली विदिशा पुलिस की नींद

75 जवानों ने लैस होकर घेरा कंजर टपरा अवैध शराब भट्ठियां मिलीं, नष्ट कराईं

करीब 2 हजार लीटर महुआ लहान मौके पर किया नष्ट

हरिभूमि ⏭विदिशा/ गंजबासौदा

सागर में अवैध शराब पीने से हुई मौतों के बाद सोमवार को पुलिस ने जिलेभर में सर्चिंग अभियान चलाया। इस दौरान भारी मात्रा में अवैध शराब बनाने की सामग्री भी पुलिस को मिली।

पुलिस ने गंजबासौदा, कुरवाई, में पुलिस ने दबिश दी। गंजबासौदा में कंजर टपरा में चल रहे अवैध शराब निर्माण के ठिकाने पर धावा बोला। जेल रोड स्थित इस इलाके में करीब 75 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों ने सर्चिंग की। पुलिस की दबिश पड़ते ही अवैध कारोबार में कंजर टपरों के लोग मौके से फरार हो गए।

सुबह करीब 5:45 बजे शुरू हुई कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम को अवैध देशी शराब बनाने वाली दो भट्ठियां मिलीं। मौके से करीब 2 हजार लीटर महुआ लाहन बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 5 लाख रुपए बताई गई। पुलिस ने लाहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया। इसके अलावा प्लास्टिक के केन और पन्नियों में करीब 70 लीटर अवैध देशी शराब भी बरामद की गई, जिसकी कीमत करीब 7 हजार रुपए है। कार्रवाई में बरामद एवं नष्ट की गई सामग्री की कुल अनुमानित कीमत 5.07 लाख रुपए है। अवैध शराब के संबंध में आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है।



विदिशा। कंजर पटरों पर बदिश के दौरान पुलिस को भारी मात्रा में अवैध शराब बनाने की सामग्री मिली।

अनुपम मेगा सिटी में मिली अवैध शराब के दोनों आरोपी गिरफ्तार

कोतवाली पुलिस ने आबकारी एक्ट के प्रकरण में एक माह से फरार दो आरोपियों को पकड़ लिया। न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। 16 अगस्त को अनुपम मेगा सिटी में एक मकान से अवैध शराब मिली थी। जिसमें दो आरोपियों के नाम सामने आए थे। आरोपी सागर खटीक (29) निवासी स्वर्णकार कॉलोनी और शुभम उर्फ शिवम उर्फ पिंटू सिसोदिया (24) निवासी किरी मोहल्ला फरार हो गए थे। पुलिस ने मुखबिर की मदद से आरोपियों को तलाश किया। 6 सितंबर को



सागर खटीक को भोपाल तथा शुभम उर्फ शिवम को विदिशा से गिरफ्तार किया गया।

21 साल के प्रियांशु के पास मिली शराब

कोतवाली पुलिस ने 5 लीटर कच्ची जहरीली शराब के साथ पूरनपुरा निवासी एक युवक को गिरफ्तार किया है। मुखबिर से सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस टीम ने ग्राम विघन के पास दबिश दी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपी प्रियांशु उर्फ आशु सेन (21) पिता हिम्मत श्रीवास निवासी पूरनपुरा कब्जे से 5 लीटर कच्ची जहरीली शराब मिली।

कुरवाई में यूरिया युक्त जहरीली शराब जब्त

कुरवाई। कुरवाई पुलिस ने ग्राम खिरिया बागड़ी में कार्रवाई करते हुए 25 लीटर यूरिया युक्त जहरीली कच्ची शराब जब्त की है। शराब बनाने के लिए तैयार करीब 2 लाख कीमत का महुआ लहान मौके पर नष्ट कराया गया। सूचना पर पुलिस ने पंचों के साथ मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखकर आरोपी ने भागने का प्रयास किया, लेकिन घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान 35 लीटर क्षमता की प्लास्टिक केन में करीब 25 लीटर हाथ भट्ठी से निर्मित यूरिया युक्त जहरीली शराब मिली।

सचिव के निलंबन के विरोध में सौंपा ज्ञापन, प्रशासन को तीन दिन का दिया अल्टीमेटम

निलंबन वापस नहीं तो अनिश्चितकालीन हड़ताल



कुरवाई। ज्ञापन देकर सचिवों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी।

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरवाई

सिरोंज जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत नैकान में कुएं में महिला और उसके सात वर्षीय बेटे की मौत के मामले में पंचायत सचिव के निलंबन के विरोध में कुरवाई जनपद पंचायत के पंचायत सचिवों एवं रोजगार सहायकों ने सोमवार को जनपद सीईओ आयुष अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने निलंबन को नियम विरुद्ध बताते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की।

ज्ञापन में पंचायत सचिवों ने कहा कि नैकान गांव से करीब एक किलोमीटर दूर खेत में स्थित एक निजी कुएं में महिला गिर गई थी। महिला को कुएं में गिरा देखकर उसका करीब सात वर्षीय बेटा भी उसे बचाने के लिए कुएं में कूद गया, जिससे दोनों की दुखद मौत हो गई। कर्मचारियों ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए मृतक महिला और बच्चे के परिवार के प्रति संवेदना जताई।

निजी कुएं में हुई घटना, सचिव की क्या गलती

पंचायत सचिवों और रोजगार सहायकों का कहना है कि जिस कुएं में हादसा हुआ, वह निजी भूमि पर स्थित था। ऐसे में पंचायत सचिव पप्पू दास बैरागी को घटना के लिए जिम्मेदार मानते हुए निलंबित किया जाना उचित नहीं है। कर्मचारियों ने निलंबन को अनैतिक एवं नियम विरुद्ध बताते हुए कार्रवाई वापस लेने की मांग की। कर्मचारियों ने बताया कि निलंबन के विरोध में वे एक दिवसीय अवकाश पर रहे। ज्ञापन के माध्यम से तीन दिन का समय देते हुए चेतावनी दी गई कि यदि इस अवधि में पंचायत सचिव का निलंबन वापस नहीं लिया गया तो विदिशा जिले की सातों जनपद पंचायतों के पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के लिए बाध्य होंगे।

किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर मिलेगा अल्पावधि फसल ऋण

विदिशा। राज्य सरकार ने वर्ष 2026-27 के लिए शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर अल्पावधि फसल ऋण योजना जारी रखी है। सहकारी बैंकों के माध्यम से किसानों को खरीफ एवं रबी फसलों के लिए ऋण मिलेगा। नई व्यवस्था में दोनों सीजन के लिए अलग-अलग देय तिथि के बजाय वार्षिक एकल ऋण सीमा तय की गई है। ऋण की देय तिथि प्रथम आहरण से 12 माह होगी। नवीन किसान क्रेडिट कार्ड के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा भी शुरू की गई है। आवेदन में आधार, भूमि, फसल एवं रकबे के आधार पर पात्र ऋण सीमा निर्धारित होगी। किसान संबंधित सहकारी समिति से संपर्क कर योजना का लाभ ले सकते हैं।

मेडिकल कॉलेज में कीमोथेरेपी डे-केयर यूनिट आज खुलेगी

कैंसर मरीजों को मिलेगा बेहतर और व्यवस्थित उपचार, शिवराज सिंह चौहान, राजेन्द्र शुक्ल व डॉ. जितेन्द्र सिंह होंगे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मेडिकल कॉलेज में कैंसर मरीजों के उपचार की सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। यहां आज मंगलवार दोपहर 1 बजे कीमोथेरेपी डे-केयर यूनिट का उद्घाटन होगा।

कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह और प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अविनाश लाघवारे ने बताया कि समारोह में जनप्रतिनिधि, चिकित्सा विशेषज्ञ एवं वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन स्वागत भाषण देंगे, जबकि अधिष्ठाता डॉ. मनीष निगम यूनिट की उपयोगिता की जानकारी देंगे।

नई यूनिट के माध्यम से निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार कीमोथेरेपी लेने वाले मरीजों को समर्पित और सुविधाजनक उपचार सुविधा मिलेगी। इससे विदिशा सहित आसपास के क्षेत्रों के कैंसर मरीजों और उनके परिजनों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

सागौन काटने वाले दो आरोपियों को 3 माह का सश्रम कारावास

विदिशा। वनभूमि पर अनाधिकृत कब्जा कर सागौन के पेड़ काटने और ट्रैक्टर से जुताई कर धान की फसल बोने का प्रयास करने वाले दो आरोपियों को न्यायालय ने 3 माह के सश्रम कारावास एवं कुल 25,400 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अम्बुज श्रीवास्तव ने भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26(1)(ज) के तहत ग्यारसपुर निवासी हिम्मत सिंह किरार (33) और पप्पू सिंह कुशवाह (38) को दोषी ठहराया। मामला 26 जून 2022 का है। वन अमले ने कक्ष क्रमांक आरएफ-108 में 1.270 हेक्टेयर वनभूमि पर अवैध अतिक्रमण और कृषि कार्य पकड़ा था।

सीएम हेल्पलाइन के लंबित आवेदनों का समय-सीमा में करें निराकरण

रैंकिंग में गिरावट रोकने के लिए अपर कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सीएम हेल्पलाइन में दर्ज नागरिकों की शिकायतों एवं आवेदनों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। निराकरण में लापरवाही न बरती जाए, ताकि जिले की विभागीय प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में गिरावट न आए।

यह निर्देश अपर कलेक्टर मीना मेसराम ने सोमवार को कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन शासन की महत्वपूर्ण व्यवस्था है। शिकायतों का



निराकरण केवल औपचारिकता तक सीमित न रहे, बल्कि आवेदक की समस्या का वास्तविक और संतोषजनक समाधान किया जाए। जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया ने 300, 100 और 50 दिवस से अधिक समय से लंबित आवेदनों को प्राथमिकता से निराकृत करने के निर्देश दिए। अधिकारियों से लंबित प्रकरणों की सूची का परीक्षण कर त्वरित कार्रवाई करने तथा निराकरण की स्थिति पोर्टल पर समय पर अपडेट करने को कहा गया। बैठक में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान, प्रधानमंत्री आवास, नल-जल योजनाओं, शिक्षा, खाद-बीज, स्वास्थ्य, पीडीएस, खनिज, परिवहन, आबकारी एवं पंजीयन विभाग की भी समीक्षा की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी मौजूद रहे, जबकि खंड स्तरीय अधिकारियों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद किया गया।

223 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, संभाग स्तर के लिए चयनित हुए प्रतिभावान खिलाड़ी

विदिशा। जिला खेल परिसर में स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय शालेय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जिले के सातों विकासखंडों से करीब 223 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त चयनित खिलाड़ी 11 एवं 12 सितंबर को टीटी नगर स्टेडियम भोपाल में होने वाली संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में विदिशा का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रशांत रघुवंशी ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए नियमित अभ्यास, अनुशासन और खेल भावना के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। गंजबासौदा की निमिषा तिवारी की राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धि भी खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत रही।

5 आरोपियों को जिलाबदर करने के आदेश

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने एसपी के प्रतिवेदन पर 5 प्रकरणों में जिलाबदर के आदेश जारी किए हैं।

आदेश के तहत माखन पिता रघुवीर सिंह घोषी निवासी गौराखेड़ी पठार थाना त्योंदा तथा विशाल ठाकुर पिता हरिओम ठाकुर निवासी बरईपुरा, विदिशा को 3 -3 माह के लिए जिलाबदर किया है। वहीं पप्पू उर्फ धन सिंह पिता करन सिंह मैना निवासी मूडरी, थाना त्योंदा और सत्यप्रकाश पिता कमल सिंह मीना निवासी रमपुरा कलां, हाल पैगयाई थाना शमशाबाद को 6-6 माह के लिए, जबकि कुन्जा उर्फ शाहिद खां पिता लल्ला उर्फ आशिक अली निवासी करमेड़ी बड़ाखेड़ा थाना शमशाबाद को 1 वर्ष के लिए जिलाबदर किया गया है। जिलाबदर अवधि में आरोपी विदिशा सहित रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर और राजगढ़ की सीमाओं में प्रवेश या निवास नहीं कर सकेंगे।

कांग्रेस ने लगाया सांसद लापता का पोस्टर खोजने वाले को 35 किलो शक्कर का एलान

नटेरन। जनपद पंचायत नटेरन के मुख्य द्वार पर कांग्रेस द्वारा क्षेत्रीय सांसद के 'लापता' होने का पोस्टर लगाए जाने से राजनीतिक माहौल गरमा गया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शरद शर्मा के नाम से लगे पोस्टर में किसानों को अनाज बिक्री, डीएपी-यूरिया की समस्या, बढ़ती महंगाई और क्षेत्र में उद्योगों की कमी जैसे मुद्दे उठाए गए हैं। पोस्टर में सांसद को खोजकर लाने वाले को 35 किलो शक्कर देने की घोषणा की गई है। भाजपा जिला महामंत्री बलवीर रघुवंशी ने इसे 'शुगर फ्री राजनीति' बताते हुए कांग्रेस पर सुर्खियां बटोरने का आरोप लगाया। पोस्टर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

31 साल पुरानी परंपरा: यूपी-मप्र की 25 टीमें दिखाएंगी मटकी फोड़ने का हुनर

नंदमहोत्सव: फिर कृष्णमय होगा शहर, करमेढ़ी के 70 मुस्लिम लहंगी से देंगे सद्भावना का संदेश

लीलाओं पर आधारित झांकियां और विभिन्न दलों की प्रस्तुतियां आकर्षक बनाएंगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

1996-97 में रखी थी नींव, 5 लाख होंगे खर्च, 30 नृत्यांगनाएं रहेंगी

विदिशा शहर में नंद महोत्सव की यह परंपरा वर्ष 1996-97 में शुरू की गई थी। बल्लू महाराज, रवि साहू, नारायण सिंह कुशवाह, ब्रजेश दांगी, अनुभव कटारे और तरुण दांगी के प्रयासों से शुरू हुई थी। तीन दशक बाद भी आयोजन निरंतर जारी है। इस वर्ष मटकी छेदन चल समारोह की अध्यक्षता रवि साहू करेंगे। उन्होंने बताया कि आयोजन समिति तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी है। धार्मिक आस्था के साथ प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश देना ही इस आयोजन की सबसे बड़ी पहचान है। समारोह को भव्य स्वरूप देने के लिए करीब पांच लाख रुपए खर्च किए जा रहे हैं। करीब 30 नृत्यांगनाएं अपनी प्रस्तुतियां देंगी, जबकि महिला मंडली भजनों की प्रस्तुति से भक्तिमय वातावरण बनाएगी।

प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश देना ही इस आयोजन की सबसे बड़ी पहचान है।

ढोल-नगाड़ों की गूंज, कृष्ण भक्ति से सराबोर भजन, आकर्षक झांकियां और मटकी फोड़ने को आतुर गोविंदा टोलियां...।

शहर में आज नंद महोत्सव का नजारा कुछ ऐसा ही होगा। तीन दशक से अधिक पुरानी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए मटकी छेदन चल समारोह निकाला जाएगा।

खास बात यह है कि यह आयोजन केवल भगवान श्रीकृष्ण के प्रति आस्था का पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे की मिसाल भी बनेगा। चल समारोह में मध्यप्रदेश के अलावा उत्तरप्रदेश तथा रायसेन, सागर और भोपाल से करीब 25 टीमें मटकी फोड़ प्रतियोगिता में शामिल होंगी। गोवर्धनधारी भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित धार्मिक झांकियां और विभिन्न दलों की प्रस्तुतियां समारोह को आकर्षक बनाएंगी। भजन मंडलियों की प्रस्तुतियों से शहर का माहौल कृष्णमय होगा। आयोजन का सबसे अनूठा पक्ष करमेढ़ी गांव से मुस्लिम समाज के करीब 70 लोगों की सहभागिता होगी। ये समाजजन लहंगी खेलकर चल समारोह में शामिल होंगे और धार्मिक आयोजन के बीच आपसी भाईचारे व सांप्रदायिक सौहार्द का संदेश देंगे। वर्षों से चली आ रही यह सहभागिता नंद महोत्सव को सामाजिक समरसता का पर्व बनाती आ रही है।

विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने किया समरसता कलश यात्रा का पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ग्यारसपुर

संत रविदास महाराज की 650वीं जयंती के अवसर पर निकाली जा रही कलश वंदन समरसता यात्रा सोमवार को ग्यारसपुर पहुंची।

क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने संत रविदास के पवित्र कलश को धारण कर विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया और यात्रा का शुभारंभ क्षेत्र के पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी नागरिक उपस्थित रहे। मंच से विधायक रघुवंशी ने संत रविदास के विचारों को समाज के लिए प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि मन चंगा तो कठौती में गंगा। उन्होंने कहा कि व्यक्ति जाति-पंथ से नहीं, बल्कि अपने कर्मों और विचारों से महान बनता है। समाज में सभी वर्गों को आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे का सम्मान करना चाहिए। यह समरसता यात्रा गांव-गांव पहुंचकर संत रविदास जी के विचारों का संदेश दे रही है। यात्रा का मनोरा में भी श्रद्धालुओं ने स्वागत किया।

बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-6100
सरसों
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-7601
चना
न्यूनतम भाव-3500
उच्चतम भाव-6311
मसूर
न्यूनतम भाव-4400
उच्चतम भाव-6521
शरबती
न्यूनतम भाव-3105
उच्चतम भाव-3550
गेंहू
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-3102
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2101
उच्चतम भाव-2610
बटरी
न्यूनतम भाव-2850
उच्चतम भाव-4050
मूंग
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-7520
तुअर
न्यूनतम भाव-5330
उच्चतम भाव-5900
धान
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-3600
उड़द
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-4400
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2880
उच्चतम भाव-3160

कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में सोमवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 4095 बोरे उपज की आवक दर्ज की गई।

खबर संक्षेप

कार्यक्रम में शामिल होने की अपील

गंजबासौदा। स्वास्थ्य क्षेत्र में महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक सौगात के तहत विदिशा में कैंसर डे केयर सेंटर का शुभारंभ होने जा रहा है। इस अवसर डॉ. जितेंद्र सिंह केंद्रीय राज्यमंत्री, शिवराज सिंह चौहान केंद्रीय कृषि मंत्री, राजेन्द्र शुक्ल उप मुख्यमंत्री मुख्य रुप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम मंगलवार को दोपहर 12 बजे मेडिकल कॉलेज विदिशा में आयोजित है। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारीगणों से शामिल होने की अपील की गई है।

श्रीमद् भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

गंजबासौदा। श्री मंशापूर्ण हनुमान दुर्गा मंदिर परिसर लड्डा एजेंसी वाली गली में भक्त मण्डल वार्ड 6 द्वारा सोमवार 7 से 13 सितम्बर तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सांय 5 बजे तक भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पंडित नवीन कृष्ण शास्त्री द्वारा कथा का वाचन किया जाएगा। कथा के पूर्व सोमवार को सुबह 10 बजे नगर के मुख्य मार्गों से भव्य कलश यात्रा भी निकाली गई।

शिवसेना ने मिलावटी शराब की बिक्री पर रोक लगाने की मांग

गंजहरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



सोमवार को शिवसेना द्वारा प्रशासनिक अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें गांवों में मिलावटी शराब की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की गई। ज्ञापन में आरोप लगाते हुए कहा गया है कि क्षेत्र में लाइसेंसी शराब ठेकेदारों द्वारा गांव-गांव में मिलावटी और नकली शराब की बिक्री की जा रही है। जिस पर प्रशासन से कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की गई। सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि ठेकेदार अपने कर्मचारियों और छोटे दुकानदारों के माध्यम से गांवों में खुलेआम शराब बिकवा रहे हैं, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है। इसके सेवन से ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है, युवा पीढ़ी नशे की लत में बर्बाद हो रही है और गांवों में लड़ाई-झगड़े व अशांति का माहौल बन रहा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि गांवों में अवैध रूप से शराब पहुंचाने वाले ठेकेदारों के लाइसेंस निरस्त किए जाएं, आबकारी विभाग की टीम द्वारा औचक निरीक्षण कराया जाए और दोषियों पर कठोर कार्रवाई कर अवैध बिक्री पर पूर्ण रोक लगाई जाए। साथ ही सागर जिले के बंडा विधानसभा में जहरीली शराब से 14 लोगों की मौत और 10 लोगों के बीमार होने की घटना पर दुख जताते हुए उच्च स्तरीय जांच, मृतकों के परिजनों को मुआवजा, बीमारों का निशुल्क उपचार और दोषियों पर हत्या की धाराओं में केस दर्ज करने की मांग की गई। ज्ञापन में शासकीय जन चिकित्सालय में साफ-सफाई न होने, मरीजों को कंबल-बेडशीट न मिलने और समय पर उपचार न मिलने की अनियमितताओं को भी उठाया गया। पुरानी मंडी में बनकर तैयार 150 बेड के नए अस्पताल को शीघ्र चालू कराए जाने की मांग की गई। शिवसेना ने कहा कि यदि शीघ्र सभी मांगें पूरी नहीं हुईं तो संगठन आंदोलन करने को बाध्य होगा।

शिक्षक केवल ज्ञान ही नहीं जीवन की दिशा भी देते हैं: मेहता



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

आचार्य विद्या वैली हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक दिवस पर आयोजित समारोह में शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शिक्षाविद् पूर्व प्राचार्य जय नारायण मेहता ने साहित्य के संदर्भों के माध्यम से शिक्षक की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाला नहीं, बल्कि विद्यार्थी को जीवन की सही दिशा दिखाने वाला मार्गदर्शक होता है। साहित्यकार मेहता ने कहा कि भारतीय साहित्य और परंपरा में गुरु का स्थान सदैव सर्वोच्च रहा है। साहित्य में गुरु को ज्ञान, संस्कार और जीवन-दृष्टि प्रदान करने वाले व्यक्तित्व के रूप में प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व और चरित्र का निर्माण करना भी है। इस कार्य में शिक्षक की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। समारोह में विद्यालय प्रबंधन की ओर से शिक्षक-शिक्षिकाओं को पुष्पमाला, स्मृति-चिन्ह और उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने शिक्षकों के सम्मान में भाषण, गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान विशिष्ट अतिथि प्रदीप श्रीवास्तव एवं डायरेक्टर प्रणय जैन ने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और संस्कारों के महत्व का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के सदस्य और विद्यार्थी उपस्थित रहे। समारोह के समापन पर अतिथियों एवं शिक्षकों के प्रति आभार प्राचार्य वीरेंद्र सक्सेना ने किया। प्रबंधन की ओर से पंकज जैन, अशोक जैन एवं सतेन्द्र सिंह राजपूत ने संस्था प्रबंधन की ओर उपहार भेंट किए। इस अवसर पर शिक्षक परिवार एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

जागरुक नागरिकों ने की सीमांकन कराए जाने की मांग

मोतिया नाले पर अतिक्रमण कर काटी जा रही अवैध कालोनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





ग्राम पंचायत खेरूआ क्षेत्र में मोतिया नाले की चौड़ाई कम कर उसके हिस्से पर अतिक्रमण किए जाने का मामला सामने आया है। बेदनखेड़ी स्थित जग्गा मंदिर के पास से गुजरने वाले मार्ग से कुछ दूरी पर पत्थर फैक्टरी के समीप एक अवैध कॉलोनी का विकास किया जा रहा है। इसी दौरान नाले की भूमि पर मिट्टी-पत्थर की फिलिंग कर उसके प्राकृतिक बहाव क्षेत्र और चौड़ाई को संकीर्ण किए जाने की बात सामने आई है। स्थानीय ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि मोतिया नाला पहले काफी चौड़ा था, लेकिन पिछले कुछ समय से नाले के दोनों किनारों पर लगातार अतिक्रमण किया जा रहा है। नाले की जमीन पर मुरम और बोल्डर डालकर उसे समतल कर प्लॉट के रूप में स्क्वायर फीट के हिसाब से बेचा जा रहा है। नाले के प्राकृतिक स्वरूप से छेड़छाड़ के कारण उसकी चौड़ाई आधी से भी कम रह गई है। यदि नाले के प्राकृतिक बहाव क्षेत्र को इसी तरह संकीर्ण किया गया तो बारिश के दौरान पानी की निकासी प्रभावित होने और आसपास के क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बनने की आशंका जताई जा रही है। नाले के ऊपर अतिक्रमण करते हुए वह जगह स्क्वायर फिट में बेची जा रही है। यह नाला बरसात में पूरे क्षेत्र के पानी की निकासी का मुख्य जरिया है। यदि इसी तरह उसके बहाव क्षेत्र को संकीर्ण किया जाता रहा तो आने वाले बारिश के मौसम में पानी की निकासी बाधित होगी और आसपास की बस्तियों, खेतों और मार्गों पर जलभराव की गंभीर समस्या पैदा हो सकती है। इससे किसानों की फसल और आम लोगों के घरों को भी नुकसान पहुंचने की आशंका है। उक्त मामले को लेकर तहसीलदार अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि नाले पर अतिक्रमण किए जाने की जानकारी उनके संज्ञान में आई है। फोटो और वीडियो में भी नाले के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि मामले की जांच के लिए एक टीम गठित की जाएगी, जो मौके पर पहुंचकर नाले का सीमांकन करेगी। सीमांकन में यदि अतिक्रमण पाया जाता है तो संबंधित के खिलाफ नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। तहसीलदार ने बताया कि मामले की जांच के लिए जल्द ही राजस्व विभाग की एक टीम गठित कर मौके पर भेजी जाएगी। टीम द्वारा नाले का पुराने नक्शे और रिकॉर्ड के आधार पर सीमांकन किया जाएगा। यदि सीमांकन में अतिक्रमण और नाले की चौड़ाई कम करना पाया जाता है तो संबंधित कॉलोनाइजर के खिलाफ नियमानुसार सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी तथा नाले को उसके मूल स्वरूप में लाया जाएगा।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हुआ चयन



गंज बासौदा। सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल की छात्रा दिशा यादव का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। दिशा यादव ने संभाग स्तरीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर राज्य स्तरीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान पक्का कर लिया है। दिशा यादव अब देवास में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी। दिशा यादव की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, बासौदा ताइक्वांडो क्लब, परिजनों, इष्टमित्रों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। यहां उल्लेखनीय है कि दिशा यादव द्वारा पिछले वर्ष भी राष्ट्रीय स्तर पर खेलकर विद्यालय का नाम ही नहीं, बल्कि मध्य प्रदेश का नाम रोशन किया था।

निःशुल्क नेत्र शिविर में 64 मरीजों का हुआ परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



सोमवार को नेत्र शिविर नागरिक समिति एवं सिंधी समाज के संयुक्त तत्वावधान में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ द्वारा स्वर्गीय दिलीप हुंडवानी की सोलहवीं पुण्य तिथि के मौके पर उनके भाई विनोद हुंडवानी एवं परिवारजनों के विशेष सहयोग से हितकारिणी धर्मशाला में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक नेत्र शिविर का निशुल्क कैंप आयोजित किया गया। शिविर में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के नेत्र रोग विशेषज्ञ डाक्टर हरि प्रसाद , भोपाल से आए डॉक्टर हितेश मिचलानी एवं नीतू श्रीवास्तव, दीपक कुशवाह ने 64 मरीजों की ओपीडी की। इसमें से 37 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए बस द्वारा सेवा सदन बैरागढ़ भेजा गया। 17 नेत्र रोगियों को जांच पश्चात निशुल्क दवाइयां दी गईं। 10 को चश्मा बनवाने के लिए परामर्श दिया गया एवं दवाईया दी गईं। इस मौके पर नेत्र शिविर नागरिक समिति के अध्यक्ष कांति भाई शाह, विनीत अरोरा, जांच सहयोगी महेंद्र सिंह सूर्यवंशी, सुरेश ताम्रकार, दया शंकर जायसवाल, सतपाल तनवानी, हरिसिंह ठाकुर, प्रकाश महेश्वरी, राजकुमार मलकानी, लाल बहादूर , नेतराम मिश्रा, नाटू भाई , चंद्र शेखर ताम्रकार, प्रकाश वाधवानी, हेमंत राय, खेम चंद मेहता, लायंस क्लब से नीलम रघुवंशी, विजय अरोरा, राधे श्याम साहू, प्रेम नारायण, रामबाबू दुबे उपस्थित थे।

शिक्षक दिवस सम्मान समारोह का हुआ भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



श्री कायस्थ सभा द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर लाल बहादुर शास्त्री सभागार में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले समाज के शिक्षाविदों, सेवानिवृत्त शिक्षकों, प्रोफेसरों, शैक्षणिक संस्थान एवं कोचिंग संचालकों, निजी शिक्षकों तथा पिछले वर्ष नामित सेवारत शिक्षकों सहित कुल 82 चित्रांश शिक्षाविदों को सम्मानित किया गया। समारोह में वरिष्ठ शिक्षाविद मदन लाल सिंह, मायाराम श्रीवास्तव, रानी सक्सेना एवं प्रोफेसर डॉ. वीके श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में मंचासीन रहे। सभा की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मान पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके योगदान का सम्मान किया गया। समारोह में अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान सभा के सदस्य राम मोहन श्रीवास्तव, अखिलेश सक्सेना, डॉ. हेमंत श्रीवास्तव, अनुपम जोहरी, प्रदीप निगम, दिनेश सक्सेना, श्रीमती ज्योति श्रीवास्तव, सुमन श्रीवास्तव, प्रीति श्रीवास्तव, अमन श्रीवास्तव, अविनाश श्रीवास्तव एवं समस्त चित्रांश बंधुओं द्वारा किया गया। पिछले वर्ष नामित 55 सेवारत शिक्षकों में विजय श्रीवास्तव, नीति सक्सेना, प्रियतमा श्रीवास्तव, प्रकाश श्रीवास्तव, मीना श्रीवास्तव एवं केके श्रीवास्तव सहित अन्य शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान श्री चित्रगुप्त मंदिर में सोलर पैनल लगाए जाने के लिए सहयोग राशि भी एकत्रित की गई। इस अवसर पर कैलाश श्रीवास्तव बगरोदा ने 50 हजार रुपए, डॉ. नीरज कनौजिया ने 25 हजार, अविनाश निगम ने 11 हजार, उमा श्रीवास्तव ने 10 हजार, रानी सक्सेना ने 5100 तथा उषा श्रीवास्तव ने 1600 रुपये की राशि प्रदान की। वहीं मायाराम श्रीवास्तव ने 5100, शकुन सक्सेना ने 5100, शिमला कुलश्रेष्ठ ने 5100 तथा अभिनय-विजय वर्मा और मनीषा-रितेश श्रीवास्तव ने 5001-5001 रुपए सहयोग राशि देने की घोषणा की। सभा अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम का संचालन मुकेश श्रीवास्तव ने किया, जबकि विनय सक्सेना ने आभार व्यक्त किया। समारोह में बड़ी संख्या में चित्रांश समाज के सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

मांग पूरी होने तक नहीं करेंगे सरकारी कार्य

वेतन कटने के विरोध में पटवारियों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



सोमवार को दोपहर के समय मध्य प्रदेश पटवारी संघ ने तहसील पहुंचकर एसडीएम अनुभा जैन को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पटवारियों के वेतन काटे जाने सहित अपनी कई मांगों के बारे में बताया गया, ताकि उनकी समस्याओं का जल्द हल हो सके। पटवारी संघ ने बताया कि तहसील के पटवारियों का जुलाई और अगस्त महीने का वेतन काट लिया गया है। पटवारियों का कहना है कि पटवारी दिन-रात मेहनत कर शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं को पूरा कर रहे हैं। संघ ने बताया कि इसी मेहनत के कारण जिले का फार्मर आईडी बनाने में पूरे मध्य प्रदेश में पांचवा स्थान है। तहसील में भी पिछले तीन हफ्तों से सबसे ज्यादा फार्मर आईडी बनाई जा रही हैं और दूसरे कामों में भी तहसील को आगे रखने की कोशिश की जा रही है। इसके बावजूद पटवारियों को पिछले महीने से मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है और उनका वेतन काटा जा रहा है। पटवारी संघ ने यह भी बताया कि अनुभाग की त्योंदा तहसील में न तो हड़ताल के कारण वेतन काटा गया और न ही किसी और वजह से। इससे पता चलता है कि बासौदा के पटवारियों को जानबूझकर परेशान किया जा रहा है। उन्होंने मांग की है कि वर्तमान में पदस्थ कानूनगो को हटाकर किसी और को पदस्थ किया जाए। इन बातों को देखते हुए मध्य प्रदेश पटवारी संघ की बासौदा इकाई ने फैसला लिया है कि जब तक जुलाई और अगस्त महीने का कटा हुआ वेतन उनके खातों में वापस नहीं आ जाता, तब तक पटवारी सभी सरकारी कामों का बहिष्कार करेंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान तहसील के अनेक पटवारीगण मौजूद थे।

राज्य कर्मचारी संघ आज सौंपेगा ज्ञापन

गंज बासौदा। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय बंद पर 8 सितंबर को सायं 5 बजे अनुभागीय अधिकारी के नाम टेट परीक्षा एवं अन्य मांगों को लेकर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए राज्य कर्मचारी संघ के तहसील अध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव ने बताया कि अनिवार्य शिक्षा अधिनियम लागू होने के पूर्व के शिक्षकों से भी पात्रता परीक्षा ली जा रही है, इससे शिक्षकों के आत्मसम्मान को आघात पहुंचा है। यह परीक्षा उचित नहीं है। इसको लेकर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। वहीं सभी 56 विभाग के अन्य कर्मचारियों की जरूरी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। बासौदा प्रभारी रश्मि सकवार, महेंद्र पाल सिंह रघुवंशी, तहसील अध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव, ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, शैलेश गायकवाड़, हरिओम चौबे, जितेंद्र यादव , भगत सिंह रघुवंशी, विनय नामदेव ने सभी अध्यापकों एवं अन्य विभागों के कर्मचारियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

गीत संगीत कार्यक्रम में दी गई एक से बढ़कर एक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा




दिशा म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा दादूजी प्लाजा में गीतों की एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियां दी गईं। जिसमें भोपाल, विदिशा और गंज बासौदा के कलाकारों ने रंगारंग प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शीतला एवं भगवान श्री गणेश की आरती के साथ और मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण से किया गया। दिशा म्यूजिकल ग्रुप के संचालक बबीता सुरेश जैन ने अतिथियों एवं गायकों को माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन हर दिल अजीज दीपक दीवाना भोपाल ने किया एवं आभार दिशा ग्रुप की संचालिका बबीता जैन ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में सुरेश तनवानी ने दिशा ग्रुप के सक्रिय सदस्य सुरेश जैन, संचालिका बबीता जैन और दीपक दीवाना भोपाल को स्मृति चिन्ह एवं शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियों के सम्मान स्वरूप दिशा म्यूजिकल ग्रुप द्वारा अतिथियों के समक्ष सभी गायकों को प्रमाण पत्र दिए गए। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में चेतना समिति के सचिव डॉक्टर आरसी शर्मा, सुरेश तनवानी, पेट्रोल पंप संगठन पूर्व अध्यक्ष मुकेश सिंह राजपूत, सैनित भावसार, प्रीति भावसार पार्षद मनीष विश्वकर्मा, सतनाम सिंह राजपूत, अशोक अग्रवाल उपस्थित थे। गीत संगीत के इस कार्यक्रम में अभिषेक राजपूत पटवारी और दीपक दीवाना की युगलबंदी प्रस्तुति जानू मेरी जान में तेरे कुर्बान गीत ने सबका मन मोह लिया। साथ ही एडवोकेट राजेश सक्सेना, राकेश चौरसिया, मुकेश खन्ना, अश्विनी मिश्रा, हितांश, दिव्यांशी मिश्रा, शुभी राजपूत, जागेश्वरी खन्ना, नीतू चौबे, रंजना रावत, अभिषेक सक्सेना, विजय देवरिया, जितेंद्र जैन, अभिषेक तिवारी, जयपाल सिंह राजपूत, लक्ष्य मालवीय,अर्णव रघुवंशी, पूर्वी शर्मा, शिव रतन सुमन, अचल जैन सहित कई गायकों ने अपने गीतों की शानदार प्रस्तुतियां प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम में पूर्व सैनिक संगठन से एमपी जायसवाल, मदन बाबू शर्मा, एच एस दांगी, मनोज गोस्वामी, इंद्रजीत राजपूत, मुन्नीलाल पटेल सहित अनेक फौजी भाई, पूर्व सरपंच जनवेद सिंह दांगी आदि मौजूद थे।

अवैध मदिरा के खिलाफ पुलिस-आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

16 पाव शराब, 15 लीटर हाथ भट्टी मदिरा और 200 किलो महुआ लहान बरामद

इमलानी रोड के टपरों सहित वजीरपुर, सांखला और कस्टम पथ पर दी दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज





क्षेत्र में अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सोमवार को पुलिस एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने सिरोंज क्षेत्र में एक साथ कई स्थानों पर दबिश देकर कार्रवाई की। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशानुसार तथा अनुविभागीय अधिकारी ओम नारायण बडकुल एवं पुलिस एसडीओपी श्रीमती सोनू डाबर के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई से अवैध शराब का कारोबार करने वालों में हड़कंप की स्थिति बनी रही। अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना प्रभारी गजेन्द्र सिंह बुंदेला एवं आबकारी उप निरीक्षक पुष्पेन्द्र ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस एवं आबकारी विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई को अंजाम दिया। टीम द्वारा सिरोंज के पास इमलानी रोड पर बने टपरों, वजीरपुर, सांखला तथा कस्टम पथ सिरोंज क्षेत्र में पहुंचकर संदिग्ध स्थानों पर सघन जांच एवं दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान टीम को मौके से बड़ी मात्रा में अवैध मदिरा एवं शराब निर्माण में उपयोग होने वाला कच्चा माल बरामद हुआ। टीम ने 16 पाव देसी-विदेशी मदिरा, करीब 15 लीटर हाथ भट्टी मदिरा तथा 200 किलोग्राम महुआ लहान जब्त किया। बरामद की गई सामग्री का अनुमानित मूल्य करीब 25 हजार रुपए बताया जा रहा है।

कई स्थानों पर एक साथ पहुंची टीम

सोमवार को पुलिस एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने अभियान के तहत अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई की। इमलानी रोड पर बने टपरों के अलावा वजीरपुर, सांखला और कस्टम पथ क्षेत्र में भी टीम द्वारा दबिश दी गई। अचानक पहुंची पुलिस एवं आबकारी विभाग की टीम को देखकर अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों में अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। टीम ने संदिग्ध स्थानों की जांच करते हुए अवैध मदिरा तथा शराब बनाने के लिए तैयार किए गए महुआ लहान बरामद किया।

आगे भी जारी रहेगा अभियान

वहीं अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध चलाया जा रहा विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। क्षेत्र में अवैध शराब से जुड़े स्थानों को चिन्हित कर वहां नियमित रूप से जांच और दबिश की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने अवैध शराब का कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने के संकेत दिए हैं। कार्रवाई के दौरान थाना प्रभारी गजेन्द्र सिंह बुंदेला, आबकारी उप निरीक्षक पुष्पेन्द्र ठाकुर सहित पुलिस एवं आबकारी विभाग के आरक्षक मौजूद रहे। पुलिस एवं आबकारी विभाग की संयुक्त कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। अधिकारियों का कहना है कि अवैध मदिरा के निर्माण और बिक्री से न केवल कानून व्यवस्था प्रभावित होती है, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। ऐसे में प्रशासन द्वारा इस प्रकार की गतिविधियों के खिलाफ किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। विशेष अभियान के तहत आने वाले दिनों में भी क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं

अवैध शराब के कारोबार पर शिकंजा

क्षेत्र में अवैध रूप से हाथ भट्टी शराब तैयार कर उसका विक्रय किए जाने की शिकायतों को देखते हुए पुलिस एवं आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन का उद्देश्य अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाना है। इसी क्रम में विशेष अभियान के तहत लगातार संदिग्ध स्थानों पर निगरानी रखी जा रही है और सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है। संयुक्त कार्रवाई के दौरान बरामद 200 किलोग्राम महुआ लहान इस बात को दर्शाता है कि क्षेत्र में अवैध रूप से हाथ भट्टी मदिरा तैयार करने की गतिविधियों पर विभाग की पैनी नजर है। टीम द्वारा बरामद सामग्री को जब्त कर नियमानुसार कार्रवाई की गई।

5 विधानसभाओं, 28 मंडलों और 1448 बूथों तक प्रभावी रहेगी व्यवस्था

भाजपा की सहयोग सेल के माध्यम से समस्याओं का होगा समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन एवं प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल की मंशा के अनुरूप पार्टी की कार्यप्रणाली को पूरी तरह कार्यकर्ता-आधारित बनाने तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सुशासन का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की दिशा में संगठन द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसी क्रम में जनभावनाओं के अनुरूप सरकार एवं संगठन के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से विदिशा जिले में सहयोग सेल के माध्यम से नियमित बैठक व्यवस्था संचालित की जाएगी। इस व्यवस्था के अंतर्गत कार्यकर्ताओं की समस्याओं के समाधान के साथ-साथ उनके द्वारा अपेक्षित जनहित, लोककल्याण एवं विकास से जुड़े विषयों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा।

यह बैठक व्यवस्था प्रत्येक माह सोमवार से शुक्रवार तक नियमित रूप से संचालित होगी। इसमें विदिशा जिले के सांसद, विधायकगण तथा संगठनात्मक विषयों के लिए जिला पदाधिकारी उपलब्ध रहेंगे। कार्यकर्ताओं एवं आमजन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को संबंधित जनप्रतिनिधियों एवं संगठन के समक्ष रखा जाएगा, ताकि उनका समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। भाजपा की यह व्यवस्था जिले की सभी 05 विधानसभा, 28 मंडल एवं 1448 बूथों तक प्रभावी रूप से पहुंचाई जाएगी। इसका उद्देश्य संगठन के प्रत्येक स्तर के कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित करना तथा क्षेत्र की समस्याओं एवं विकास से जुड़े मुद्दों को उचित मंच तक पहुंचाकर उनके समाधान की दिशा में प्रभावी कार्रवाई करना है। संपूर्ण व्यवस्था भाजपा जिला अध्यक्ष महाराज सिंह दांगी के मार्गदर्शन में संचालित होगी। वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं जिला महामंत्री रवि सोनी को इस महत्वपूर्ण व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपते हुए जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। रवि सोनी संगठन और कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय स्थापित करते हुए सहयोग सेल की गतिविधियों को गति प्रदान करेंगे। भाजपा संगठन की इस पहल को कार्यकर्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के साथ-साथ जिले में जनहित एवं विकास से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता से उठाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

स्वच्छ वायु दिवस पर नगर निगम कर्मचारियों ने किया वृक्षारोपण

सागर। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार स्वच्छ वायु दिवस के उपलक्ष्य में नगर निगम सागर द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ वायु के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से ट्रैफिक पार्क में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता करते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया तथा लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छ वायु और स्वस्थ पर्यावरण के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। बढ़ते शहरीकरण के बीच शहर में हरित क्षेत्र का विस्तार कर वायु गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। केवल पौधरोपण करना ही नहीं, बल्कि लगाए गए पौधों का संरक्षण और उनकी

सिरोंज में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ लोगों को नियमों के प्रति करते रहे जागरूक

पदोन्नति पर यातायात प्रभारी सुबेदार रीतेष बघेला का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



नगर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले यातायात प्रभारी सुबेदार रीतेष बघेला की पदोन्नति होने पर नगरवासियों, सामाजिक संगठनों एवं पत्रकारगणों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। पदोन्नति के बाद पुलिस अधिकारी बनने पर नगर में उनके शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। सुबेदार रीतेष बघेला ने सिरोंज में यातायात प्रभारी के रूप में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए। नगर में वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन कराने के साथ ही उन्होंने आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का कार्य भी किया। उनका विशेष जोर लोगों को समझाइश देकर यातायात नियमों का पालन कराने पर रहा। चाहे बच्चे हों, युवा हों, बुजुर्ग हों या वाहन चालक, यातायात नियमों को लेकर वे समय-समय पर लोगों को समझाइश देते रहे। हेलमेट पहनने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने, निर्धारित गति से वाहन चलाने, नाबालिगों को वाहन नहीं चलाने देने तथा सड़क पर सुरक्षित तरीके से आवागमन करने को लेकर उन्होंने लोगों को जागरूक किया। इसके साथ ही नगर की यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित बनाए रखने में भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एक जिम्मेदार एवं कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी के रूप में सुबेदार रीतेष बघेला ने सिरोंज में अपनी सेवाएं दीं। उनके कार्यकाल के दौरान आम नागरिकों के साथ उनका व्यवहार भी सहज एवं सहयोगात्मक रहा। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई के साथ-साथ लोगों को नियमों का महत्व समझाने पर भी उन्होंने विशेष ध्यान दिया। उनकी पदोन्नति की खबर मिलते ही नगर के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी सहित पत्रकारगणों ने सुबेदार रीतेष बघेला को पदोन्नति पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

तीर्थ रक्षण एवं धर्मायतनों के प्रति समर्पण के लिए हुकम काका का सम्मान



सिरोंज। देव-शास्त्र-गुरु के परम भक्त एवं तीर्थ रक्षण में सदैव अग्रणी रहने वाले चंद्रोदय महातीर्थ चांदखेड़ी के अध्यक्ष हुकम काका का अहमदाबाद सकल जैन समाज द्वारा भावपूर्ण अभिनंदन किया गया। प्रसन्नमना मुनि श्री प्रणुतसागर जी महाराज के सानिध्य में हुए कार्यक्रम में समाजजनों ने उनके धार्मिक एवं सामाजिक योगदान की सराहना की। इस अवसर पर आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी एवं भोपाल संभाग अध्यक्ष सौरभ जैन गुलाबगंज ने हुकम काका को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

वरिष्ठ समाजसेवी हाजी सैयद मंसूर अली का आकस्मिक निधन



सिरोंज। नगर के बुनियाद गार्डन के संचालक एवं वरिष्ठ समाजसेवी हाजी सैयद मंसूर अली का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही नगर में शोक की लहर दौड़ गई। सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय रहने वाले हाजी सैयद मंसूर अली के निधन पर विभिन्न सामाजिक संगठनों, गणमान्य नागरिकों, पत्रकारों एवं शहरवासियों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। हाजी सैयद मंसूर अली का सामाजिक क्षेत्र में विशेष योगदान रहा। वे लोगों के सुख-दुख में हमेशा सहभागी रहते थे और जरूरतमंदों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहते थे। उनके सरल, सहज एवं मिलनसार स्वभाव के कारण नगर में उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई थी। उनके आकस्मिक निधन से परिवार के साथ-साथ परिचितों एवं शुभचिंतकों में भी शोक व्याप्त है। उनके निधन पर आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी एवं वरिष्ठ पत्रकार अरबाज खान शेखू ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि हाजी सैयद मंसूर अली का निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। वे सदैव सामाजिक सद्भाव और आपसी भाईचारे की भावना के साथ लोगों से जुड़े रहे। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा शोकाकुल परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य प्रदान करें।

लव कुश जयंती पर नगर में निकली भव्य शोभा यात्रा

शोभायात्रा का नगर में जगह-जगह पर किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



रविवार को लव कुश जयंती के अवसर पर कुशवाहा समाज द्वारा भव्य रैली निकाली गई। जो कि नगर के नरसिंह टेकरी से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुए शिवा गार्डन पहुंची जहां यात्रा का समापन हुआ।

नगर में यात्रा का भव्य स्वागत किया गया जिसमें होली चौक शिव मंदिर समिति, खेड़ापति माता मंदिर समिति, शक्ति धाम दुर्गा मंदिर समिति , बरेली हिन्दू उत्सव समिति, संकट मोचन हनुमान मंदिर, काली मंदिर समिति, शिव अखाड़ा व्यायाम शाला प्रेम नगर कॉलोनी,एवं व्यापारी महासंघ एवं अन्य नगर की सामाजिक धार्मिक संस्थाओं द्वारा स्वागत किया गया। वही पूर्व कांग्रेस विधायक देवेंद्र पटेल ने हाई सेकेंडरी स्कूल के सामने स्वागत किया एवं नगर परिषद के अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी ने दीनदयाल परिसर पर पार्षदों, कर्मचारीयों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने मिलकर शोभायात्रा का स्वागत किया। लवकुश जयंती के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल एवं विशेष अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी रहें। कुशवाहा समाज जिला अध्यक्ष कन्हैया लाल कुशवाहा, पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र भाई, उमराव प्रसाद कुशवाहा, बलराम पटेल, राजेंद्र कुशवाहा ,लालजी राम कुशवाहा, राम भरोसे कुशवाहा, प्रेम कुशवाहा प्रवीण कुशवाहा,सहित समाज के वरिष्ठ जनों की मंचीय उपस्थिति रही। कुशवाहा समाज के युवा संगठन द्वारा मंत्री पटेल का 11 किलो फूलों की माला से भव्य स्वागत किया। युवा टीम में सचिन कुशवाहा ,विक्की कुशवाहा, धर्मेंद्र, माखन ,मनीराम, कमल, बबलू, लखन, नरेंद्र, मुकेश, कृष्णा, बृजेश, दौलत कुशवाहा एवं अन्य युवाओं की सक्रिय सहभागिता रही। कुशवाहा समाज के कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक राज्य मंत्री पटेल ने कहा कि पिछले वर्ष समाज को विकास कार्यों के लिए 10 लाख की राशि दी गई थी जिसमें समाज के द्वारा बहुत ही अच्छा निर्माण एवं विकास कार्य किया गया हैं। इस वर्ष भी समाज के विकास निर्माण कार्यों के लिए 15 लाख रुपए की राशि की घोषणा की जाती है जो समाज के विकास एवं निर्माण में उपयोग होगी एवं आगे भी कुशवाहा समाज के विकास एवं निर्माण कार्यों के लिए जो भी सहयोग की आवश्यकता पड़ेगी उनके सहयोग के लिए अग्रसर रहूंगा।

नर्मदा मैया के किनारे मांगरोल धाम में हुआ जन्माष्टमी का कार्यक्रम



बरेली। तहसील के नर्मदा किनारे पाखर वाले मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा आध्यात्मिक और अलौकिक रीति से आयोजन किया गया। रिमझिम बारिश के बीच धार्मिक कार्यक्रम में भारी संख्या में माता बहनों और भाइयों की उपस्थिति रही।

श्री कृष्ण के जीवन से शिक्षा

बीके जयंती दीदी, बीके पिंकी दीदी, बीके हीरा दीदी, बीके देविका बहन ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी के आध्यात्मिक पक्ष पर अपने विचार व्यक्त किये। गीत संगीत के साथ श्री कृष्ण की लीलाओं का आध्यात्मिक रहस्य समझाया गया। वक्ताओं ने कहा कि हर वर्ष जन्माष्टमी पर झांकी सजती है, श्री कृष्ण की लीलाओं का मंचन होता है। उनके जीवन में छिपा संदेश आत्मसात करना रह जाता है। श्री कृष्ण का जीवन तपस्या आत्मबल श्रेष्ठ गुण मर्यादाओं का प्रतीक है। कहा कि मटकी फोड़ने का अर्थ देह का भान तोड़ना है। वस्त्र हरण का अर्थ देह की स्मृति से ऊपर उठना है और ईश्वरीय स्मृति में लीन होना है। माखन चोरी का अर्थ दूसरों के गुण और विशेषताएं अपनाना है। कहा कि श्री कृष्ण 16 कलाओं से परिपूर्ण संपूर्ण निर्विकार सर्वगुण संपन्न का पद तपस्या और राजयोग से मिला। सनातन संस्कृति के अनुसार जैसा राजा वैसा प्रजा होती है इसलिए श्रेष्ठ गुण और संस्कार अपनाना चाहिए।

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित रंगई-जिला विदिशा

पंजी क्र./8430 दिनांक 30.10.1957 विदिशा दिनांक 07.09.2026

वार्षिक आमसभा सूचना

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित रंगई के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है, कि समिति की वार्षिक आम सभा दिन मंगलवार दिनांक 22.09.2026 को दोपहर 12:00 बजे स्थान समिति कार्यालय भवन सॉची रोड विदिशा में आयोजित की जायेगी।

गणपूर्ति (कोरम) के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में आमसभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधा घण्टे पश्चात होगी, जिसमें गणपूर्ति (कोरम) आवश्यक नही होगा।

प्रबंधक, सोनाली मालवीय, पैक्स रंगई, जि-विदिशा

प्रशासक, किशोर अहरवाल, पैक्स रंगई, जि-विदिशा

बहु प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बंधेरा विदिशा (म.प्र.)

पंजीयन क्र. 3642 दिनांक 30.06.1967 दिनांक 10.09.2026

* वार्षिक आम सभा सूचना-पत्र *

बहु. प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बंधेरा के समस्त अंशधारी सदस्यो को सूचित किया जाता है। कि समिति की वार्षिक साधारण सभा दिन बुधवार दिनांक 23.09.2026 को दोपहर 11.00 बजे स्थान समिति कार्यालय मूडरा हरिसिंह में आयोजित की गई है। बैठक में आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है। गणपूर्ति (कोरम) के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर 1/2 घण्टे पश्चात् होगी। जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नही होगी।

सुन्दरसिंह राजपूत, सहा, समिति प्रबंधक, बहु.प्राथ. कृषि साख सहकारी समिति मर्या. बंधेरा

किशोर कुमार अहरवाल, प्रशासक, बहु. प्राथ. कृषि साख सहकारी समिति मर्या. बंधेरा

सड़कों पर मवेशियों का डेरा, वाहनों की चपेट में आने से घायल और मौत

कलेक्टर के निर्देश भी बेअसर, गौशाला व्यवस्था फेल

मवेशी स्वयं के साथ अन्यों के जीवन के लिए बन रही खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



क्षेत्र की सभी प्रमुख सड़कों फोर लेन 45 पर स्थान स्थान पर आवारा मवेशियों या पशुपालकों द्वारा दूध न देने पर छोड़े गए गोवंश के झुंड दिन-रात डेरा डाले हुए हैं। मवेशियों को सड़कों से हटाने सुरक्षित यातायात के लिए कलेक्टर रायसेन ने आदेश निकालकर टोल प्लाजा ग्राम पंचायतों ,स्थानीय निकायों को मवेशी हटाने की जिम्मेदारी तय की। निचले स्तर पर आदेश निर्देश के पालन में घोर उदासीनता से आवारा मवेशी वाहनों की चपेट में आने से घायल और मौत होने के साथ अन्यों के जीवन के लिए खतरा बन रही है।

फोरलेन 45 पर बाड़ी टोल प्लाजा के आसपास चारगांव, समनापुर जागीर, बरेली के धोखेड़ा कामतोंन, भोंडिया, खरगोन उदयपुरा देवरी के बीच स्थान स्थान पर 24 घंटे मवेशियों का डेरा बना रहता है। तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में आने से मवेशी घायल और मौत होने की दर्जनों घटनाएं हो चुकी है। इसी के साथ मवेशियों के कारण वाहनों का संतुलन बिगड़ने से अनेक जानलेवा हादसे हो चुके हैं।

फसलों का नुकसान

बरेली पिपरिया मार्ग के साथ क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम में छुट्टा आवारा मवेशी फसलों के नुकसान का कारण बन रही है। बाड़ी जनपद में 106 ग्राम पंचायतें हैं। कुछ गौशालाएं और उनकी क्षमता कम है कुछ गौशालाएं अधूरी और अव्यवस्थाओं के कारण बंद की स्थिति में है। सड़कों के किनारे वाली ग्राम पंचायतों में गौशालाओं का निर्माण और उनकी क्षमता बढ़ाकर आवारा गोवंश पर कुछ नियंत्रण हो सकता है। जिम्मेदारों की बनी उदासीनता कभी भी बड़े जानलेवा हादसे का कारण बन सकती है।

महाराष्ट्र समाज बहुकार्यकारिणी सहकारी समिति मर्यादित, विदिशा

पंजीयन क्रमांक 4241/24.06.1935

दिनांक : 07.09.2026

// वार्षिक आमसभा सूचना //

महाराष्ट्र समाज बहुकार्यकारिणी सहकारी समिति मर्यादित, विदिशा म.प्र. के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि, वार्षिक साधारण आमसभा दिनांक 27.09.2026 दिन रविवार सायंकाल 06:00 बजे समिति सभाकक्ष में आयोजित की गई है।

गणपूर्ति (कोरम) के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी स्थान पर 30 मिनिट पश्चात् होगी। जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगीं। बैठक में आप समस्त अंशधारी सदस्यों की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

दीपक दत्तात्रय दीक्षित, अध्यक्ष | महेश मल्हारराव कन्हेरकर, सचिव | प्रसाद गजानन करमरकर, प्रबंधक

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्यादित (बी-पैक्स) लश्करपुर प्रमुख शाखा विदिशा (म.प्र.)

पंजीयन क्रमांक 325 दिनांक 30.12.1967 दिनांक 07.09.2026

वार्षिक आम सभा सूचना-पत्र

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्यादित (बी-पैक्स) लश्करपुर के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आम सभा दिन मंगलवार दिनांक 23.09.2026 को दोपहर 1.00 बजे स्थान समिति कार्यालय लश्करपुर में आयोजित की गई है। बैठक में आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है।

गणपूर्ति (कोरम) के आभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर 1/2 घण्टे पश्चात् होगी। जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी।

मोहरसिंह राजपूत, सहा. समिति प्रबंधक | किशोर कुमार अहरवाल, प्रशासक

कार्यालय श्री गोपाल बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित गोबरहेला जिला विदिशा

पंजी.क्र./डी.आर./बीडीएस/944/15/09/2014 दिनांक 07.09.2026

:: वार्षिक आमसभा की सूचना ::

श्री गोपाल बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित गोबरहेला के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा की बैठक दिनांक 25.09.2026 दिन शुक्रवार को स्थान कार्यालय गोबरहेला पर समय दोपहर 1 बजे रखी गई है। कोरम के अभाव में स्थगित शुदा हुई बैठक आधे घंटे बाद पुनः नियत स्थान पर होगी। जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी। समस्त सदस्यों को सभा का विस्तृत एजेंडा साधारण डाक से भेजा जा रहा है।

बृजकिशोर राठी, अध्यक्ष, श्री गोपाल बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित गोबरहेला, जिला विदिशा

कार्यालय श्री गिरिराज बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित सांकलखेड़ा कला जिला विदिशा

पंजी.क्र./डी.आर./बीडीएस/761/30/08/2010 दिनांक 07.09.2026

:: वार्षिक आमसभा की सूचना ::

श्री गिरिराज बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित सांकलखेड़ा कला के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा की बैठक दिनांक 25.09.2026 दिन शुक्रवार को स्थान कार्यालय सांकलखेड़ा कला पर समय दोपहर 3 बजे रखी गई है। कोरम के अभाव में स्थगित शुदा हुई बैठक आधे घंटे बाद पुनः नियत स्थान पर होगी। जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी। समस्त सदस्यों को सभा का विस्तृत एजेंडा साधारण डाक से भेजा जा रहा है।

सिद्धार्थ सिंह रघुवंशी, अध्यक्ष, श्री गिरिराज बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित सांकलखेड़ा कला जिला विदिशा

जिला अस्पताल की ओपीडी में सामने आया चिंताजनक आंकड़ा

70 प्रतिशत मरीजों पर सामान्य एंटीबायोटिक बेअसर, बिना सलाह दवा खाना पड़ रहा भारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



बीमारी से जल्दी राहत पाने के लिए बिना डॉक्टर की सलाह एंटीबायोटिक लेना अब मरीजों पर भारी पड़ रहा है। जिला अस्पताल की ओपीडी में सामने आए चिंताजनक आंकड़े के अनुसार, करीब 60 से 70 प्रतिशत मरीजों पर सामान्य एंटीबायोटिक दवाएं पूरी तरह असर नहीं कर रही हैं। डॉक्टरों का कहना है कि इसका एक बड़ा कारण दवाओं का अनावश्यक इस्तेमाल, बिना पर्ची मेडिकल स्टोर से दवा खरीदना और आराम मिलते ही कोर्स अधूरा छोड़ देना है। ग्रामीण इलाकों में यह समस्या ज्यादा देखने को मिल रही है।

चिकित्सकों के मुताबिक, कई मरीज सामान्य सर्दी-खांसी, बुखार या अन्य संक्रमण होने पर सीधे मेडिकल स्टोर पहुंच जाते हैं। बिना जांच और चिकित्सकीय सलाह के एंटीबायोटिक शुरू कर देते हैं। कुछ मरीज झोलाछाप डॉक्टरों से हैवी डोज भी लेते हैं। शुरुआत में आराम मिलने पर उन्हें लगता है कि बीमारी ठीक हो गई, लेकिन कई बार संक्रमण पूरी तरह खत्म नहीं होता। दवा बीच में छोड़ने से बैक्टीरिया के बचे रहने और दवाओं के खिलाफ प्रतिरोधक क्षमता विकसित होने का खतरा बढ़ जाता है। चिकित्सकों के अनुसार, कई मरीज जल्दी ठीक होने के लिए एंटीबायोटिक के साथ स्टेरॉयड भी ले लेते हैं। डॉ. यशपाल सिंह बाल्यान ने बताया कि स्टेरॉयड का ज्यादा उपयोग रोग प्रतिरोधक क्षमता घटा सकता है। इससे बीपी बढ़ना, ब्लड शुगर बढ़ना, हड्डियों में कैल्शियम कम होना, पेट में अल्सर और आंखों में मोतियाबिंद जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

ऐसे बढ़ता है एंटीबायोटिक प्रतिरोध

जब मरीज बिना योग्य डॉक्टर की सलाह के एंटीबायोटिक शुरू करता है और आराम मिलते ही दवा बंद कर देता है, तो शरीर में मौजूद कुछ बैक्टीरिया बच सकते हैं। ये बैक्टीरिया दवाओं के खिलाफ प्रतिरोधक क्षमता विकसित कर लेते हैं। भविष्य में वही संक्रमण होने पर सामान्य एंटीबायोटिक काम नहीं करती। ऐसी स्थिति में इलाज के लिए अधिक प्रभावी दवाओं की जरूरत पड़ सकती है।

आराम मिलते ही दवा बंद करना पड़ रहा भारी

एंटीबायोटिक का गलत इस्तेमाल केवल दवा बेअसर होने तक सीमित नहीं है। बिना जरूरत या गलत तरीके से दवा लेने से किडनी और लीवर पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। डॉक्टरों का कहना है कि मरीजों को हैवी डोज लेने के बजाय बीमारी के अनुसार सही दवा, सही मात्रा और निर्धारित अवधि का पालन करना चाहिए।

डॉ. सौरभ जैन ने मरीजों से अपील की है कि एंटीबायोटिक दवाएं केवल डॉक्टर की सलाह पर ही लें। दवा की सही मात्रा और अवधि का पालन करना जरूरी है। बिना जरूरत या गलत तरीके से एंटीबायोटिक लेने से भविष्य में सामान्य संक्रमण का इलाज भी मुश्किल हो सकता है।

इनका कहना है...

लगभग 70 प्रतिशत मरीजों पर सामान्य एंटीबायोटिक काम नहीं कर रही हैं। दवाओं के अनावश्यक उपयोग से किडनी और लीवर पर विपरीत प्रभाव पड़ता है और गंभीर दुष्प्रभाव हो सकते हैं। स्टेरॉयड का ज्यादा उपयोग रोग प्रतिरोधक क्षमता घटाता है, जिससे बीपी बढ़ना, ब्लड शुगर, हड्डियों में कैल्शियम कम होना, पेट में अल्सर और आंखों में मोतियाबिंद जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

डॉ. यशपाल सिंह बाल्यान, मेडिकल विशेषज्ञ, जिला अस्पताल रायसेन

दो पालियों में एग्जाम, 18 सितंबर तक चलेंगी परीक्षाएं

तिमाही परीक्षाएं शुरू, बोर्ड जैसी व्यवस्थाएं, प्रश्न पत्रों पर वाटरमार्क



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले के शासकीय हाई स्कूल और हायर सेकंडरी स्कूलों में सोमवार से तिमाही परीक्षाएं शांतिपूर्ण माहौल में शुरू हो गईं। इस बार परीक्षा व्यवस्था को बोर्ड परीक्षा की तर्ज पर रखा गया है। प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के लिए उन पर वाटरमार्क लगाया गया है। वहीं विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा के माहौल का अभ्यास कराने के लिए दो पालियों में परीक्षा आयोजित की जा रही है। परीक्षाएं 18 सितंबर तक चलेंगी। परीक्षा शुरू होने के साथ ही स्कूलों में विद्यार्थियों की चहल-पहल बढ़ गई। निर्धारित समय पर विद्यार्थी परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे। स्कूलों में परीक्षा को लेकर आवश्यक तैयारियां पहले ही पूरी कर ली गई थीं। विद्यार्थियों को परीक्षा संबंधी निर्देश भी दिए गए।

प्रश्नपत्रों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान

इस बार तिमाही परीक्षाओं में प्रश्नपत्रों की सुरक्षा को लेकर विशेष व्यवस्था की गई है। प्रश्नपत्रों पर वाटरमार्क लगाया गया है, ताकि उनकी पहचान और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। परीक्षा व्यवस्था को बोर्ड परीक्षा जैसा रखने का उद्देश्य विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए तैयार करना भी है।

स्कूलों में अनुशासन बनाए रखने के निर्देश

तिमाही परीक्षाएं दो पालियों में आयोजित की जा रही हैं। इससे स्कूलों में परीक्षा संचालन की व्यवस्था को व्यवस्थित रखने में मदद मिलेगी। विद्यार्थियों को निर्धारित समय के अनुसार परीक्षा में शामिल होना होगा। स्कूलों में परीक्षा के दौरान आवश्यक अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

18 सितंबर तक चलेंगी परीक्षाएं

जिले के हाई और हायर सेकंडरी स्कूलों में शुरू हुईं तिमाही परीक्षाएं 18 सितंबर तक चलेंगी। परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार विद्यार्थी अलग-अलग विषयों की परीक्षाएं देंगे। स्कूल प्रबंधन ने विद्यार्थियों से समय पर पहुंचने और परीक्षा संबंधी निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

बोर्ड परीक्षा की तैयारी का मिलेगा अभ्यास

डीईओ डीडी रजक ने बताया कि तिमाही परीक्षाओं को बोर्ड परीक्षा की तर्ज पर आयोजित करने से विद्यार्थियों को परीक्षा के माहौल का अभ्यास मिलेगा। इससे उन्हें समय प्रबंधन, प्रश्नपत्र हल करने और परीक्षा संबंधी अनुशासन को समझने में मदद मिलेगी। शिक्षा विभाग की ओर से परीक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

शिकार करने जंगल गए चार आरोपी पकड़ाए, सांभर का मांस व 3 बंदूकें बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



सीहोरा बीट में वन्यप्राणी के शिकार की सूचना पर वन विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को पकड़ा है। आरोपियों के पास से प्रथम दृष्टया सांभर का कच्चा मांस 6 किलो और पका हुआ मांस 1 किलो, तीन बंदूकें, 21 जिंदा कारतूस सहित अन्य सामान जब्त किया। वन विभाग के अनुसार शिकार की सूचना मिलने पर डीएफओ प्रतिभा शुक्ला के मार्गदर्शन और उप वनमंडलाधिकारी रजनीश कुमार शुक्ला के निर्देशन में टीम को सीहोरा बीट रवाना किया। कार्रवाई वन परिक्षेत्र पश्चिम रायसेन के रेंजर रविकांत अमृते के नेतृत्व में की गई।

वन विभाग की टीम ने मौके से बन्ने खान निवासी इमलिया, यूसुफ़ पिता यासीन खान निवासी इमलिया, राकेश पिता हरि सिंह बंजारा निवासी छातई और विशाल पिता हरिनारायण जाटव निवासी सीहोरा को पकड़ा। इनके पास से सांभर का कच्चा मांस 6 किलो, पका मांस 1 किलो, तीन बंदूकें, 21 जिंदा कारतूस और दो खाली कारतूस जब्त किए गए। इसके अलावा तीन टॉर्च, मांस काटने में प्रयुक्त होने वाले तीन बके, एक तलवार, एक मोटरसाइकिल और तीन मोबाइल भी जब्त किए गए। वन विभाग ने 23 मीटर लंबाई का तीतर पकड़ने का पिंजरा और मांस काटने में उपयोग लकड़ी का टुकड़ा भी जब्त किया है। वन विभाग ने आरोपियों के खिलाफ वन प्रकरण पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया है। विभाग द्वारा जब्त मांस और हथियारों के संबंध में आगे की जांच की जा रही है।

जेल से भागने देशी कट्टा मंगवाया, जेल प्रहरी को गोली मारी, 3 आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

कैदी नीलेश ठाकुर ने दोस्त के साथ मिलकर रची थी साजिश मामा ने कट्टा-कारतूस दिलवाए, फरार आरोपी की तलाश

रायसेन। जिला जेल से फरार होने की कोशिश में कैदी ने प्रहरी पर कट्टा तानकर ताला खोलने को कहा। झूमाझटकी के दौरान गोली चल गई, जो प्रहरी दिग्विजय सिंह तोमर को लगी। आवाज सुनकर पहुंचे जेल स्टाफ ने आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि कैदी ने जेल में हथियार पहुंचाने और भागने की योजना अपने दोस्त के साथ मिलकर बनाई थी। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी फरार है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, नेलेश ठाकुर उर्फ छोटेलाल (38) ग्राम घाट सेमरी का रहने वाला है। वह पठारी के समीप नेपाल सिंह धाकड़ की हत्या के मामले में करीब 11 महीने से जिला जेल में बंद था। इससे पहले बरेली के राजकुमार राजपूत की हत्या के मामले में सजा होने के कारण उसकी जमानत की संभावना नहीं थी। इसी दौरान जिला जेल पठारी में उसकी पहचान राहुल बेदी (27), निवासी पठारी, से हुई। दोनों में दोस्ती हो गई।

मोदी के 25 वर्ष के लोकसेवा कार्यकाल पर भाजपा का सेवा संकल्प अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



जिला भाजपा कार्यालय में सोमवार को जिला कार्यसमिति की बैठक हुई। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकसेवक के रूप में 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों पर चर्चा की गई। अभियान के तहत 13 कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं अभियान संयोजक रामपाल सिंह राजपूत ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में विश्व में भारत की जय-जयकार हो रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सौंपी गई जिम्मेदारियों का लगननिष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करने का आह्वान किया। उन्होंने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के लाड़ली बहनों को लेकर दिए गए कथित बयान पर निशाना साधते हुए कहा कि इससे उनकी महिला विरोधी सोच उजागर होती है। भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि मंडल स्तर पर बैठकें आयोजित की जाएंगी। इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिला संगठन प्रभारी राजो मालवीय ने अभियान की तैयारियों की जानकारी दी। भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा और प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रभुराम चौधरी ने भी कार्यकर्ताओं से अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।

नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष मदन राजपूत का निधन, शोक की लहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गैरतगंज



नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष और कांग्रेस पार्टी के कद्दावर नेता मदन राजपूत का सोमवार सुबह निधन हो गया। उनके पैतृक क्षेत्र में उनके इस आकस्मिक निधन से परिजनों और शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई है। निधन की खबर मिलते ही उनके आवास पर शुभचिंतकों और समर्थकों का तांता लग गया। सोमवार को उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, राजनीतिज्ञ और गणमान्य लोग शामिल हुए। उनका अंतिम संस्कार टेकापार स्थित शांति धाम में किया गया। मदन राजपूत अपने क्षेत्र में एक सक्रिय समाजसेवी और कुशल राजनीतिज्ञ के रूप में जाने जाते थे। वे कांग्रेस पार्टी के विभिन्न पदों पर रहकर लंबे समय तक जनसेवा करते रहे। उनके निधन से गैरतगंज ने एक समर्पित राजनेता और समाजसेवी को खो दिया है, जिसकी भरपाई करना कठिन है।

श्री सियावास हिंदू उत्सव समिति की कार्यकारिणी गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेगमगंज

300 से अधिक सदस्यों को मिली जिम्मेदारी, नियुक्ति पत्र देकर किया सम्मान



नगर के राम राजा पैलेस अर्चना गार्डन में रविवार शाम 4 बजे श्री सियावास हिंदू उत्सव समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के अध्यक्ष सचिन नेमा ने आगामी वर्ष के लिए नई कार्यकारिणी के गठन की घोषणा की। नई कार्यकारिणी में संगठन के विभिन्न दायित्वों के लिए बड़ी संख्या में सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इसमें महामंत्री पद पर राजेंद्र सोलंकी एवं लोकेंद्र लोधी, जबकि कोषाध्यक्ष पद पर अभिषेक निखरा एवं मनोज सोनी को जिम्मेदारी दी गई। इसके अलावा करीब 24 उपाध्यक्ष तथा 50 मंत्री एवं संगठन मंत्रियों सहित परामर्शदात्री मंडल, विधिक सलाहकार और अन्य दायित्वों के लिए कुल 300 से अधिक सदस्यों को कार्यकारिणी में शामिल किया। नई कार्यकारिणी के गठन के अवसर पर समिति के पूर्व अध्यक्षों, संरक्षकों एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों ने मंच से एक-एक कर नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। समिति अध्यक्ष सचिन नेमा ने कहा कि श्री सियावास हिंदू उत्सव समिति का मुख्य उद्देश्य नगर में धार्मिक उत्सवों का भव्य और व्यवस्थित आयोजन करना तथा समाज में सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक वातावरण को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि नई कार्यकारिणी में शामिल प्रत्येक सदस्य को जो जिम्मेदारी दी गई है, उसका निर्वहन निष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ किया जाना चाहिए। उन्होंने सभी सदस्यों से संगठन की मजबूती के लिए मिल-जुलकर कार्य करने का आह्वान किया।

लेन-देन के विवाद में दो युवकों ने व्यक्ति पर डंडों से किया हमला, मामला दर्ज

सलामतपुर। थाना क्षेत्र के बांसिया गांव में देर रात रुपये के लेन-देन को लेकर दो युवकों ने एक 36 वर्षीय व्यक्ति पर डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में पीड़ित के मुंह और जबड़े में गंभीर चोटें आई हैं। घायल को इलाज के लिए सांची सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। थाने के प्रधान आरक्षक हेत सिंह मीणा के अनुसार, बांसिया गांव निवासी रूप सिंह सहरिया (36) पिता सुखराम सहरिया रात लगभग 11 बजे किराना दुकान से सामान लेकर घर लौट रहा था। रास्ते में सरकारी स्कूल के पास पहले से घात लगाकर बैठे सप्पू सहरिया और अतुल सहरिया (दोनों निवासी बांसिया) ने पुराने रुपये के विवाद को लेकर रूप सिंह को घेर लिया और डंडों से मारपीट शुरू कर दी। हमले में फरियादी रूप सिंह का जबड़ा टूट गया और वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। पीड़ित की चिल्लाने की आवाज सुनकर उसकी पत्नी सीमा बाई और मां तुलसा बाई मौके पर पहुंचीं। परिजनों को आता देख दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने फरियादी रूप सिंह सहरिया की रिपोर्ट पर आरोपी सप्पू सहरिया और अतुल सहरिया के प्रकरण दर्ज कर लिया है।

मतगणना के बाद ढोल-नगाड़ों के बीच निकाला विजयी जुलूस

अध्यक्ष समेत पांच पदों के लिए 11 प्रत्याशियों ने आजमाया भाग्य

जिला बार एसोसिएशन चुनाव संपन्न, मुकेश बने सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



जिला बार एसोसिएशन के चुनाव सोमवार को जिला न्यायालय परिसर में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुए। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव और कोषाध्यक्ष पद के लिए मतदान कराया। चुनाव में कुल 11 प्रत्याशियों ने अपनी किस्मत आजमाई। मतदान के बाद मतगणना की गई। परिणाम घोषित होने पर विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों के साथ जुलूस निकाला और फूलमालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। निर्धारित समय पर मतदान प्रक्रिया शुरू हुई। अधिवक्ताओं ने अपने पसंदीदा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान किया। चुनाव के दौरान कोर्ट परिसर में शांतिपूर्ण व्यवस्था बनी रही। मतदान समाप्त होने के बाद मतगणना की प्रक्रिया शुरू की गई।

मुकेश शाक्य सचिव निर्वाचित- जिला अभिभाषक संघ के चुनाव में अध्यक्ष पद पर संघर्ष शर्मा निर्वाचित हुए, वहीं सचिव पद पर मुकेश शाक्या को 96 मत प्राप्त कर निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष पद पर सनत पांडे और सहसचिव पद पर जितेंद्र राय निर्वाचित हुए। अधिवक्ताओं ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का फूलमालाओं से स्वागत किया।

हिनोतिया महालपुर-झिरनिया मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे

डामर की सड़क पर कीचड़ व दलदल, निकलना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



पक्की डामर की सड़क पर कीचड़ और दलदल हो तो ग्रामीणों के लिए आवागमन कितना मुश्किल हो जाता है। इसकी ताजा बानगी सागर रोड से हिनोतिया महलपुर और झिरनिया घाटखेड़ी तक बनी प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क परियोजना में देखने को मिल रही है। सागर भोपाल स्टेट हाईवे स्थित विमल ढाबा से आगे इस सड़क पर जगह-जगह गड्ढों में पानी और कीचड़ जमा है। पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। सड़क पर उभर आए अनगिनत गड्ढों में दोपहिया वाहन चालक इन गड्ढों में फंसकर गिरने और वाहन क्षतिग्रस्त होने के डर के बीच सफर कर रहे हैं।

गड्ढों में फंस रहे वाहन, रोजमर्रा का सफर बना परेशानी

ग्रामीणों के अनुसार सड़क की हालत बारिश के दिनों में और खराब हो गई है। कई जगह डामर उखड़ने के बाद सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। इनमें पानी भरने से गड्ढों की गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता। ऐसे में दोपहिया वाहन चालकों के लिए निकलना जोखिम भरा हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि वाहन पंचर होने और कल-पुर्जों की टूट-फूट से उन्हें आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क की हालत बारिश के दिनों में और खराब हो गई है। कई जगह डामर उखड़ने के बाद सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। इनमें पानी भरने से गड्ढों की गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता। ऐसे में दोपहिया वाहन चालकों के लिए निकलना जोखिम भरा हो गया है।

सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर उठाए सवाल

ग्रामीण लखपत सिंह धाकड़, जयंत रिछारिया एडवोकेट, राममोहन चतुर्वेदी, लक्ष्मण सिंह पटेल एडवोकेट, भंवर लाल पटेल, मिट्ठूलाल धाकड़ एडवोकेट और विमल सिंह, राजेश पटेल,शिब्बू धाकड़ ने बताया कि पूर्व में राजस्थान के एक ठेकेदार द्वारा इस सड़क का निर्माण कराया गया था। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण की गुणवत्ता ठीक नहीं होने के कारण कुछ समय बाद ही डामर उखड़ने लगा था। अब सड़क की हालत ऐसी हो गई है कि पैदल चलने वालों के साथ ही दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मरम्मत नहीं हुई तो बढ़ेगी परेशानी

ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क परियोजना के महाप्रबंधक एसपी आर्य से सड़क की जल्द मरम्मत कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यह मार्ग आसपास के डेढ़ दर्जन गांवों के लोगों के लिए आवागमन का महत्वपूर्ण साधन है। सड़क की खराब हालत के कारण ग्रामीणों को रोजाना परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि गड्ढों को भरने के साथ सड़क की गुणवत्ता की जांच कर स्थायी मरम्मत कराई जाए ताकि बारिश के बाद भी आवागमन सुगम और सुरक्षित रह सके।